दिल में बस गया है दिलदार खाटू वाला | By Kumar Manish Brijwasi

मेरे दिल में बस गया है दिलदार खाटू वाला
दुनिया से क्यों डरूँ मैं मेरा यार खाटू वाला

जबसे छवि निहारी दीवाना लुट गया है
जैसे क्षमा के ऊपर परवाना मिट गया है
जादू सा कर गया है दिलदार खाटू वाला

गर्दिश ने मुझको घेरा कोई ना था सहारा
तूफ़ान में थी नैया पर दूर था किनारा
नैया का बन गया है पतवार खाटू वाला

झूठे जहां से मुझको कोई चाह अब नहीं है
छूटे तो छूट जाए परवाह अब नहीं है
मेरे साथ में खड़ा है सरकार खाटू वाला

जब जब उदास होता सपनो में श्याम आता
मुझको गले लगा कर मेरा हौंसला बढ़ता
है पालता किशन का परिवार खाटू वाला
मेरे दिल में बस गया है .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%b8-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%96%e0%a4%be/